भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6270

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

केरल के एनएच-66 पर सुरक्षा और संरचना संबंधी चिंताएं

†6270. श्री शफी परम्बिल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 के कुछ हिस्सों में संरचनात्मक क्षति और सुरक्षा चिंताओं का आरोप लगाने वाली रिपोर्टों से अवगत है;

(ख) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पूरे हिस्से की सुरक्षा संपरीक्षा शुरू की है और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या एनएच-66 के लिए अपनाई गई डिजाइन और निर्माण पद्धति में केरल की विशिष्ट मिट्टी की गुणवत्ता, स्थलाकृति और अत्यधिक वर्षा की स्थितियों पर पर्याप्त रूप से विचार किया गया था;

(घ) क्या सरकार का अपनाए गए निर्माण मॉडल, विशेषकर संवेदनशील क्षेत्रों में तटबंधों के उपयोग की समीक्षा करने का विचार है; और

(ङ) क्या भू-तकनीकी रूप से संवेदनशील और बाढ़ संभावित हिस्सों में दीर्घकालिक स्थिरता और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नत राजमार्ग संरचनाओं (एलिवेटेड हाईवे स्ट्रक्चर्स) को अपनाने हेतु निर्देश जारी किए जाएंग, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) केरल में, निर्माण के दौरान खराबी की घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं, जिनमें कूरियाड में रिटेनिंग सॉइल (आरएस) वॉल की खराबी (19.05.2025), अरूर-थुरवूर में गर्डर का ढ़हना (13.11.2025) और मायलाक्काडू में आरएस वॉल की खराबी (05.12.2025) शामिल हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और आईआईटी पलक्कड़ की विशेषज्ञ समितियों ने असुरक्षित स्थानों की जांच की और दुर्घटनाओं के कारणों तथा सुधारात्मक उपायों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनएच-66 के विभिन्न चयनित खंडों में सुरक्षा संपरीक्षा (ऑडिट) भी की गई हैं। अन्य बातों के साथ-साथ, मिट्टी की स्थिति, वहन क्षमता, भूभाग की विशेषताओं और अधिक वर्षा की परिस्थितियों के साथ ही, तटबंध / आरएस वॉल के स्थानों में जमीन सुधार न होने और भराव सामग्री की पर्याप्तता से संबंधित टिप्पणियां की गई हैं।

आरएस वॉल के स्थानों पर भू-तकनीकी जांच की गई है; चयनित स्थानों पर संरचनात्मक विकल्पों पर विचार सहित डिजाइन पहलुओं की समीक्षा की गई।

तकनीकी और साइट-विशिष्ट कारकों के आधार पर चयनित स्थानों पर वायाडक्ट / एलिवेटेड संरचनाओं के उपयोग सहित संरचनात्मक विकल्पों पर विचार किया गया है।

*****